सुविचार

रास्ते कभी बंद नही होते, अक्सर लोग हिम्मत हार जाते हैं..!!

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

RNI.NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 7, अंक-16 www.yuvapradesh.in भोपाल, शुक्रवार 27 मई 2022 ypnews24@gmail.com पृष्ठ -8 मूल्य 3 रुपये

Mother's Basket
Kitchen Herbs & Spices
Swad jo pahuche dil tak

## सीट से अधिक यात्रियों को बस में ले जाने वाले चालक या स्वामी पर क्या कार्यवाही हो सकती है जानिए/MV Act,1988....

अक्सर हम देखते हैं कि बसों में बहुत सी सवारियों को बैठा लिया जाता है,ड्राइवर या कंडक्टर अक्सर कुछ पैसों के लालच में ऐसा करते हैं लेकिन वह यह नहीं जानते की वाहन का लाइसेंस एवं रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र लेते समय शर्त रखी जाती है की आवश्यकता से अधिक भार वहन नहीं किया जाएगा या सवारी गाड़ी में जितनी सीट होगी उससे अधिक सवारी नहीं ली जाएगी क्योंकि अधिक भार के कारण गाड़ी को पलटने का खतरा होता है और यात्रियों की भी जान का खतरा है इस लिए ऐसे चालक, स्वामी पर क्या कार्यवाही होगी जानिए।



**मोटर यान अधिनियम,1988 की धारा 194(क) की परिभाषा-** जो कोई वाहन चालक या वाहन स्वामी की आज्ञा से यात्री बस या किसी भी प्रकार के मोटर यान(ऑटो, सवारी या निजी टैक्सी, सिटी-बस आदि ) में आवश्यकता से अधिक यात्रियों को ले जाएगा तब ऐसे व्यक्ति पर दौ सौ रुपये प्रत्येक व्यक्ति(सवारी) के हिसाब से जुर्माना लिया जाएगा।

**विशेष नोट-** कार्यवाही होने पर मोटर वाहन चलाने की आज्ञा तब तक नहीं दी जाएगी जब तक अतरिक्त यात्रियों को नहीं उतारा जाएगा और उतारे गए यात्रियों की वैकल्पिक परिवहन की व्यवस्था न की गई हो।

**- लेखक बीआर अहिरवार(पत्रकार एवं लॉ छात्र होशंगाबाद) 9827737665**

## लावारिस लाश(मृतक) के पैसे निकालने वाले व्यक्ति के खिलाफ क्या कार्यवाही हो सकती है जानिए/IPC....

बहुत से व्यक्ति किसी न किसी दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं या अचानक उनकी मृत्यु किसी ऐसे स्थान पर हो जाती है जिसका वहाँ कोई अपना नहीं होता है तब इस व्यक्ति के पास पैसे, मोबाइल, घंडी या अन्य कोई कीमती आभूषण भी हो सकते हैं तब कोई व्यक्ति ऐसी लावारिस लाश से ये सब वस्तुएं निकल ले तब ऐसा करने वाला व्यक्ति किस धारा के अंतर्गत अपराधी होगा जानिए।



**भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 404 की परिभाषा-** अगर कोई व्यक्ति किसी मृतक व्यक्ति की किसी भी प्रकार की चल संपत्ति बेईमानी के उद्देश्य से हड़प लेता है एवं उस सम्पत्ति को खर्च कर लेता है या गबन कर देता है तब ऐसा करने वाला व्यक्ति धारा 404 के अंतर्गत दोषी होगा।

**उधानुसार-** रामू कुछ पैसे बैक से लेकर घर जा रहा था एवं रास्ते में उसकी बाइक गिर जाती है एवं सिर में गंभीर चोट आने के कारण उसकी मृत्यु हो जाती है तब उसके पैसे को कोई व्यक्ति अपने पास रख ले एवं रामू के परिवार वाले को नहीं बताए तब पैसे निकालने वाला व्यक्ति धारा 404 के अंतर्गत दोषी होगा।

**भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 404 के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान-** यह अपराध समझौता योग्य नहीं है एवं यह अपराध असंज्ञेय एवं जमानतीय अपराध होंगे। इस अपराध का विचारण प्रथम श्रेणी के मजिस्ट्रेट द्वारा किया जाएगा। सजा- इस अपराध के लिए तीन वर्ष की कारावास एवं जुर्माना से दण्डित किया जाएगा।

**-लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान(महिला सामाजिक कार्यकर्ता एवं जिला ब्यूरो चीफ अलीगढ़ उत्तर प्रदेश)**

## देश का सबसे बड़ा ड्रोन फेस्टिवल आज से दिल्ली में,

# पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।** दुनिया की बड़ी ड्रोन शक्ति बनने की दिशा में बढ़ते कदमों के साथ शुक्रवार से दिल्ली के प्रगति मैदान में दो दिवसीय भारत ड्रोन महोत्सव 2022 शुरू होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी किसान ड्रोन आपरेटर्स और फार्मिंग, फर्टिलाइजर स्प्रे, मिलिट्री, सिक्योरिटी, बार्डर, मानिटरिंग समेत विभिन्न कार्यों में प्रयोग में जुटी कंपनियों और स्टार्टअप्स से भी संवाद भी करेंगे। महोत्सव में सरकारी अधिकारियों, विदेशी राजनयिकों, सशस्त्र बल व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के प्रतिनिधियों, सरकारी व निजी क्षेत्र की कंपनियों समेत 1,600 से ज्यादा लोग उपस्थित रहेंगे। प्रदर्शनी के दौरान 70 से ज्यादा लोग अपनी टेक्नोलाजी का प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान विभिन्न कार्यों में ड्रोन के प्रयोग का प्रदर्शन होगा। महोत्सव के दौरान ड्रोन पायलट सर्टिफिकेट भी दिए जाएंगे। साथ ही प्रोडक्ट लांचिंग भी होगी।



### सामने आएगा ड्रोन टैक्सी का प्रोटोटाइप

पीएम मोदी ड्रोन टैक्सी का प्रोटोटाइप भी प्रदर्शित करेंगे। यह मेड इन इंडिया ड्रोन टैक्सी प्रोटोटाइप महोत्सव का खास आकर्षण होगा। आईआईटी मद्रास द्वारा शुरू की गई कंपनी ई-प्लेन ने इसे तैयार किया है। 2025 तक इसे सर्टिफिकेट मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इस कड़ी में पहले सेना के साथ इसका ट्रायल किया जाएगा।


### घरेलू उद्योगों की मदद कर रही सरकार

*कुछ समय पहले तक ड्रोन के लिए पूरी तरह के आयात पर निर्भर भारत तेजी से इस मामले में आत्मनिर्भरता की तरफ कदम बढ़ा रहा है। घरेलू उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ही फरवरी में ड्रोन के आयात पर प्रतिबंध का भी एलान कर दिया गया। अब केवल आरएंडडी, डिफेंस और सिक्योरिटी के लिए ही ड्रोन आयात की अनुमति है। इनके लिए भी क्लियरेंस जरूरी होगा। आयात पर प्रतिबंध के कदम से घरेलू ड्रोन निर्माताओं को लाभ होगा। ड्रोन के पुर्जों के आयात पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। सरकार ने ड्रोन उद्योग के लिए परचेज लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआइ) योजना भी शुरू की है, जिसे जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली है।*

# आज भोपाल आएंगे राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द

### ■ *आरोग्य भारती के कार्यक्रम में होंगे शामिल, अस्पताल भवनों का करेंगे शिलान्यास*

**भोपाल।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द शुक्रवार को शाम साढ़े पांच बजे तीन दिवसीय प्रवास पर भोपाल पहुंचेंगे। विमानतल से वे सीधे राजभवन पहुंचेंगे। राजभवन में उनका रात्र विश्राम होगा। 28 मई को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में सुबह 11 बजे आरोग्य भारती के वन नेशन-वन हेल्थ सिस्टम इज द नीड आफ आवर कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम को मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग के नवीन स्वास्थ्य संस्था भवनों का भूमिपूजन करेंगे। 29 मई को वे सुबह साढ़े आठ बजे उज्जैन के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रदेश सरकार ने राष्ट्रपति के भोपाल, इंदौर और उज्जैन भ्रमण के कार्यक्रम को देखते हुए उनकी अगवानी, विदाई और सत्कार के लिए मिनिस्टर इन वेटिंग नामांकित किए हैं। भोपाल विमानतल पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह अगवानी करेंगे तो राजभवन में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग रहेंगे।



## मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति का प्रतिनिधि मंडल पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह से मुलाकात कर कांग्रेस वचन पत्र में महत्वपूर्ण बिषय को शामिल कराने हेतु मिला

**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल मोबाइल 8878054839**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी भोपाल का एवं जिला भोपाल अनुसूचित जाति कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेश नंदमेहर के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद राज्यसभा श्री दिग्विजय सिंह के निवास पर जाकर अनुसूचित जाति वर्ग की महत्वपूर्ण मांगों को लेकर मुलाकात करने गया। प्रतिनिधि मंडल में सर्व श्री हेमंत नरवरिया, विक्रम चौधरी, रमेश बकोरिया, परमसुख शाक्य, हरगोविंद जौहरी, शोभराज लोंगरे, रामविलास तिलवारी, लोकेश नंदमेहर, श्रीमती गीता जाटव, श्रीमती सीमा जाटव, मूलचन्द मेधोनिया, नोमेश नंदमेहर, गोपाल प्रसाद, सूरज पवन बलवान सिंह इत्यादि सामाजिक एवं राजनैतिक नेता की टीम ने श्री दिग्विजय सिंह जी सांसद राज्यसभा से समाज की प्रमुख मांग को कांग्रेस वचन पत्र 2023 में शामिल करने सहित उन्हें लागू कराने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री कमलनाथ जी एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह जी ने 14 अप्रैल 2022 को बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर विश्व की सबसे बड़ी प्रतिमा भोपाल में लगाये जाने की घोषणा की है। जिसे महान स्मारक एवं विश्व स्तरीय शैक्षणिक संस्थान व सामाजिक धरोहर के रूप में बनवाने की मांग की है। तथा मध्यप्रदेश के एकमात्र अनुसूचित जाति के वीर शहीद मनीराम अहिरवार जी को राष्ट्रीय शहीद का दर्जा दिलाने सहित उनके परिवार को सम्मान दिलाने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया है कि हमारे देश की सन 19 42 के स्वतंत्रता आंदोलन में अंग्रेजी सेना से युद्ध लडा और उन्हें परास्त कर गांव से खदेड़ने वाले रविदास वंशीय समाज के महान पराक्रमी वीर मनीराम जी अहिरवार थे ।जो कि आज भी सम्मान से वंचित है ।श्री दिग्विजय सिंह जी ने सभी बातों को ध्यान से लेते हुए आश्वासन दिया है कि कांग्रेस अवश्य ही इन मांगों गंभीरता से लेते हुए शामिल करेगी। सभी सामाजिक नागरिकों और कांग्रेस नेता की हर समस्याओं को श्री दिग्विजय सिंह जी सांसद राज्यसभा ने सुनी और शीघ्र कार्यवाही करने का भरोसा दिया है। भोपाल जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष श्री महेश नंदमेहर की टीम ने बाबा साहब डॉ अम्बेडकर जी की विश्व में सबसे बड़ी प्रतिमा की घोषणा करने पर माननीय श्री दिग्विजय सिंह जी का शाल और सूत मालाओं से उनका ह्रदय से आभार प्रकट किया और स्वागत किया।



## 43 करोड़ में बना सुपर कारिडोर का आठ लेन पुल का टुकड़ा टूट कर गिरा, यातायात रोका



**इंदौर।** सुपर कारिडोर पर बने प्रदेश के पहले आठ लेन पुल का करीब दो फुट लंबा और तीन फुट चौड़ा हिस्सा गुरुवार को टूट कर नीचे गिर गया और पुल के सरिये दिखाई देने लगे। इसकी जानकारी मिलते ही इंदौर विकास प्राधिकरण के अधिकारी यहां पहुंचे और पुल के एक ओर का यातायात रोक दिया। उन्होंने क्षतिग्रस्त भाग को 28 घंटे में ठीक करने का दावा किया है। पुल क्षतिग्रस्त क्यों हुआ इसकी जांच के लिए मुंबई से विशेषज्ञों का दल भी आ रहा है। अधिकारियों को आशंका है कि निर्माण के दौरान टूटे भाग में ज्यादा सीमेंट का उपयोग हुआ। पुल के मध्य भाग में यह गड्ढा रेलवे ट्रैक से कुछ पहले हुआ है। मौके पर पहुंचे दल ने गड्ढे के आसपास के 8 फुट लंबे कमजोर हो चुके भाग को भी गिरा दिया और शेड से टूटे भाग को कवर कर दिया। रात के समय कोई वाहन शेड से नहीं टकरा जाए, इसके लिए छह कर्मचारी भी तैनात किए गए हैं। सुपर कारिडोर पर बना पुल डिजाइन को लेकर शुरू से ही विवादों में रहा है। 10 साल पहले इसका निर्माण शुरू हुआ था।



## सत्य की पहचान करो

सब मानव है एक समान
मानव का मत करो अपमान
इस सच से मत अनजान बनो
सत्य की पहचान करो
जाति-पाति और
उंचनीच की
खड़ी मत दीवार करो
विश्व के सभी मानव
हैं एक समान
मानवता से प्यार करो
सबके रगो में
लहू बहता है
दुध नही है किसी
के तन में ?
इस सच से मत इंकार करो
सत्य की पहचान करो
मां के गर्भ से ही सब
जन्म लेते हैं
मुख से कोई नहीं
जनम लेता है
प्रेम ही हो सबके लिए
नफरत क्यो पनपता है?
भुख-प्यास
दुख-दर्द
सबका होता एक सा ही
पुरे विश्व के नर नारी में
यही तो एक
समानता है।
सबको एक ही समझें
यही तो इंसानियत
और मानवता है
नफरत और हिंसा
को त्यागो
प्रेम का दीदार करो
दुश्मन नहीं मित्रो,सब
एक दुसरे के यार बनो
सत्य की पहचान करो
धरती और आकाश
सत्य है
सूर्य और चांद
सत्य है
जल और वायु
सत्य है
नर और नारी
सत्य है
जन्म और मृत्यु
सत्य है
बाकी सब जीने के
साधन है,
इससे मत अनजान बनो
जियो और जीने दो
बस इतना उपकार करो
प्यार से सबका भंडार भरो
सत्य की पहचान करो
सत्य की पहचान करो

**-हरीश पांडल**
**विचार क्रांति**
**छत्तीसगढ़**

# 40 से अधिक हाईस्कूलों का 30 फीसद से कम रहा परीक्षा परिणाम, नोटिस जारी

**विदिशा।** तमाम प्रयासों के बाद भी जिले के 40 से अधिक हाईस्कूलों का परीक्षा परिणाम 30 फीसद से भी कम रहा है। जिसके चलते जिला शिक्षाधिकारी ने संबंधित स्कूलों के प्राचार्यो को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। हालात यह हैं कि किसी स्कूल का छह फीसद तो किसी को 9 फीसद परीक्षा परिणाम रहा है। संतोष जनक जवाब नहीं मिलने पर वेतनवृद्धि रोकने जैसी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि कोरोना संक्रमण के चलते आनलाइन पढ़ाई के साथ ही बाद में करीब पांच माह तक आफलाइन पढ़ाई भी कराई गई थी। उस समय स्कूलों के शिक्षकों, प्राचार्यो से लेकर आला अफसरों ने 100 फीसद कोर्स पढ़ाने और रिवीजन तक कराने के दावे किए थे, लेकिन पिछले माह जारी हुए परीक्षा परिणाम में दावों की पोल खोल दी है। जिले में ही 193 हाईस्कूलों में से 40 से ज्यादा हाईस्कूल बुरी तरह फिसड्डी साबित हुए हैं। इन स्कूलों का परीक्षा परिणाम निराशा जनक रहा है। हालात यह रहे हैं कि शासकीय हाईस्कूल फ्रीगंज का परीक्षा परिणाम मात्र छह फीसद ही रहा है। यहां पर दर्ज 44 छात्रों में से मात्र दो विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। शासकीय हाईस्कूल देहरी का परीक्षा परिणाम 15 फीसद रहा। इसी प्रकार शासकीय हाईस्कूल



इकलौद में दर्ज 32 विद्यार्थियों में मात्र तीन विद्यार्थी ही पास हुए हैं। यहां पर 23 छात्र फैल हुए और 6 की पूरक आई है। इस स्कूल का मात्र 9 फीसद ही परिणाम रहा है। हाईस्कूल पारधा का परीक्षा परिणाम भी 17 फीसद ही रहा। यहां पर दर्ज 23 छात्रों में से चार छात्र उत्तीर्ण हुए हैं, जबकि चार की पूरक आई है। यहां पर भी 15 विद्यार्थी फैल हो गए हैं। हाईस्कल जावती का 13 फीसद, हाईस्कूल काछीखेड़ा का भी 13 फीसद ही परीक्षा परिणाम रहा है।

# डॉ हरिशंकर दुबे जी को जन्मदिन की कवि संगम की बधाई

**जबलपुर।** पवित्र सलिला पुराणों में वर्णित मां नर्मदा के तट पर कर्मशील साहित्य मनीषी डॉ हरिशंकर दुबे जी का आज दिनांक 25.05.2022 को जन्मदिन है । कवि संगम त्रिपाठी उन्हें जन्मदिन की बधाई देते हुए गौरवान्वित है। विलक्षण प्रतिभा के धनी प्रकाशवान व्यक्तित्व के मालिक साहित्य मनीषी महामहोपाध्याय डॉ हरिशंकर दुबे जी कवि संस्कारधानी जबलपुर ही नही देश के विद्वानों में एक है यह बात कवि संगम त्रिपाठी ने प्रमाणिकता के साथ कही व उनके राष्ट्राभिनंदन करने हेतु अपील की। हम कवियों साहित्यकारों का सम्मान कर ही संस्कृति व सभ्यता को जीवित रख सकते है। डॉ हरिशंकर दुबे जी प्रतिभाशाली व्यक्तित्व के धनी हैं उनके कृतित्व प्रेरणादायक है और नव पीढ़ी के लिए ऊर्जा दायिनी है। समाज में आज साहित्य की उपेक्षा हो रही है और



फ़ूहड़ पन,छपास, चुटकुले बाजी व जोकरपंथी हावी हो गई है जिसे शासन के नुमाइंदे भी प्रेरित करते है। आज साहित्य मनीषी डॉ हरिशंकर दुबे जी के जन्मदिन को कवि संगम त्रिपाठी ने संस्कार दिवस के रुप में मनाने की अपील की है। महामहोपाध्याय डॉ श्री हरि शंकर दुबे जी को सर्वश्री गणेश प्यासा जबलपुरी, विजय तिवारी किसलय, अनिल शुक्ला हिंदी सेवी, एस.एम.ठाकुर , रमेश तिवारी, दिनेश सेन शुभ, मदन श्रीवास्तव, भावना दीक्षित ज्ञानश्री, रुपनाथ आदि ने बधाई दी।

# बाढ़ संभावित 40 इलाकों में तैनात होंगे 75 जवान

**नर्मदापुरम।** जिले के बाढ़ संभावित 40 इलाकों में जिला प्रशासन ने आपदा प्रबंध किए हैं। नर्मदापुरम, बाबई, सोहागपुर, इटारसी, बनखेड़ी, पिपरिया, डोलरिया के इलाकों में होमगार्ड के 75 प्रशिक्षित जवानों को तैनात किया जाएगा। इन जवानों को प्रशिक्षण नर्मदा के सेठानी घाट पर शुरू कर दिया गया है। प्लाटून कमांडर अमृता दीक्षित की निगरानी में होमगार्ड के जवानों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दस-दस दिन के प्रशिक्षण में होमगार्ड जवानों को रबर बोट, फायरबोट चलाने के साथ ही टार्च और रस्से का उपयोग भी सिखाया जा रहा है। बाढ़ से घिरे लोगों को किस तरह से सुरक्षित निकाला जा सकता है इस पर सबसे ज्यादा फोकस किया गया है। अंचल में बारिश का दौर शुरू हो चुका है। हालांकि अभी रुक-रुक कर बारिश हो रही है। मौसम विज्ञानियों ने इस बार अच्छी बारिश की संभावना जताई है। यदि लगातार बारिश होती है तो फिर बाढ़ का खतरा ज्यादा रहेगा।



### ये हैं संभावित बाढ़ प्रभावित इलाके

नर्मदापुरम - महिमा नगर, एसपीएम गेट नंबर एक, संजय नगर, ग्वालटोली, आदमगढ़, रायपुर, बांद्राभान, धानाबढ़, जासलपुर टील, बरखेड़ी, मालाखेड़ी, निमसाड़थ्या, देवलाखेड़ी, बरंडुआ।

डोलरिया - डोलरिया, सेमरी खुर्द, बम्हनगांव, गोंडी खरार, बुडाराकला, बुडारा खुर्द, खोकसर, आवरी।

सोहागपुर - माछा, रिटालापा, ढाना, सोहागपुर नगर, बोरीगांव, शेभापुर, कालखेड़ी।

सिवनीमालवा - पापनगांव, रामगढ़, आयपा, आवलीघाट, हथनापुर, ग्वारीधाट, आगराखुर्द

इटारसी - पहानबरी, मरोडा

बाबई - सांगाखेड़ा कला, मनवाडा, बालाभेंट छोटी, बालाभेंट बड़ी, पीलाकरार, मड़ियाखेड़ा, खरगावली, ढाना, तमचरू, सांगाखेड़ा खुर्द, झालसर,।

बनखेड़ी व पिपरिया - सहलवाड़ा, सांडिया, सिवनी, खैरा, पासी, उमरधा, जुन्हैटा, खापाकला, खापाखुर्द।

### तीन बार आई बाढ़

प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2016 में 20 इलाके बाढ़ की चपेट में थे। तो वहीं 2019 में सात इलाकों में पानी जमा हुआ था। वर्ष 2020 में सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ा था। इस दौरान 30 इलाके ऐसे थे जो बाढ़ से घिर गए थे। माखननगर के कई गांवों में तो दो दिन बाद भी मदद नहीं मिल सकी थी। पुरानी हुई घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने बारिश पूर्व ही तैयारियां पूरी कर ली है।

**दस वर्ष में भीषण बाढ़ की स्थिति बनती है:** जिले में मुख्य बड़ी नदियां नर्मदा तथा तवा है। इन नदियों में प्रतिवर्ष आने वाली बाढ़ से नर्मदापुरम जिले के सभी तटवर्ती क्षेत्र प्रभावित होते हैं। पिछले चालीस वर्षों के बाढ़ के इतिहास को देखने से स्पष्ट है कि हर दस वर्ष में कम से कम एक बार भीषण बाढ़ की स्थिति निर्मित होती है और अगस्त एवं सितंबर के प्रथम सपताह में बाढ़ की स्थिति बन जाती है। बाढ़ आपदा में लोगों को सुरक्षित रखने के लिए कई तरह की तैयारियां की गई हैं।

**निचले इलाकों में पानी जमा होने का खतरा:** बारिश के चलते निचले इलाकों में पानी जमा होने का खतरा सबसे ज्यादा रहता है। मुख्यालय के संजय नगर, बीटीआइ ग्वालटोली, भीलपुरा शहर के निचले इलाके माने जाते हैं। जरा सी देर की बारिश में यहां पानी जमा हो जाता हैं। प्रशासन ने हाल ही में इन इलाकों का दौरा कराया था। बारिश का पानी यदि बढ़ता है तो यहां रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने के लिए प्रशासन ने व्यवस्था कर ली है।

### आपदा मित्र होंगे तैनात

होमगार्ड जवानों के साथ ही डिफेंस वालिंटियर व आपदा मित्र भी तैनात किए जा रहे हैं। ये ऐसे स्वयंसेवक, होमगार्ड व पुलिस जवानों के साथ तैनात रहेंगे।

# फर्जी सेलरी स्लिप से चार साल पहले लिया पर्सनल लोन

**नर्मदापुरम।** शहर के चार युवकों द्वारा बुधनी की एक कंपनी की फर्जी सेलरी स्लिप लगाकर लाखों रुपये का पर्सनल लोन लेने का मामला सामने आया है। वर्ष 2016 में चारों युवकों ने फर्जी सेलरी स्लिप फुलटर्न इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड में लगाई थी। अलग-अलग समय पर चारों युवकों ने लाखों रुपये का लोन लिया था। पांच साल बीतने के बाद भी जब युवकों ने लोन की राशि जमा नहीं की तो ब्रांच मैनेजर ने जानकारी जुटाई। जो जानकारी सामने आई उसके बाद ब्रांच मैनेजर ने सिटी कोतवाली में कार्रवाई के लिए आवेदन दिया। दरअसल चारों युवकों ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर लोन की रकम हासिल की थी। पुलिस ने फुलटर्न इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड के ब्रांच मैनेजर विवेक रायकवार की शिकायत पर नर्मदापुरम निवासी राहुल परदेशी, संजय चतुर्वेदी, सचिन चौरे, राहुल नागरे पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया गया है। सिटी कोतवाली पुलिस चारों आरोपितों की तलाश कर रही है। सिटी कोतवाली टीआइ संतोष सिंह चौहान ने बताया कि फुलटर्न इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड के ब्रांच मैनेजर की ओर से शिकायती आवेदन प्राप्त हुआ था। जिसमें बताया गया कि चार युवकों ने पर्सनल लोन लिया है। लोन की किस्त नहीं चुकाई गई है। कंपनी की ओर से जानकारी जुटाई गई तो फर्जीवाड़ा सामने आया। एक आरोपित राहुल परदेशी ट्राइडेंट कंपनी का पूर्व कर्मचारी है। 25 अप्रैल 2016 तक कंपनी में काम किया। राहुल ने 27 अगस्त 2017 में फुलटर्न इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड से 373186 रुपये का लोन लिया। उसने लोन लेने के लिए वर्ष 2017 की मई, जून, जुलाई की वेतन पर्ची दिखाई थी। इसी के साथ ही संजय चतुर्वेदी ने 417240 रुपये, सचिन चौरे ने 316708 रुपये, राहुल नागरे ने 400929 रुपये का पर्सनल लोन लिया। लोन के बाद भी जब राशि नहीं चुकाई गई तो फुलटर्न इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड के ब्रांच मैनेजर को संदेह हुआ। उन्होंने पूरे मामले की पड़ताल की तो फर्जीवाड़ा सामने आ गया। आरोपितों के विरुद्ध धोखाधड़ी, दस्तावेजों में हेरफेर, व षडयंत्र रचने का केस दर्ज किया गया है।

# 30 मई को सोमवती अमावस्या और शनि जयंती का अनूठा संयोग

**विदिशा।** आगामी 30 मई को सोमवती अमावस्या, वट सावित्री व्रत और शनि जयंती का अनूठा संयोग बन रहा है। शनिदेव से पीडित श्रद्धालु इस दिन शनि आराधना करेंगे, वहीं सौभाग्यती महिलाएं अपने पति की दीर्घायु के लिए वट पूजन करेंगी। शनि जयंती के उपलक्ष?य में आज नवग्रह शनिदेव मंदिर समिति द्वारा शहर के मुख्य मार्ग से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। पुजारी के मुताबिक इस साल तीन दिवसीय शनि जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। बता दें कि कई साल बाद इस साल ऐसा संयोग बना है कि सोमवती अमावस्या, वट सावित्री व्रत के साथ ही शनि जयंती भी उसी दिन पड़ रही है। बेतवा के बड़वाले घाट पर श्रद्धालुओं को पूजा करने के लिए शनि मंदिर और वट एक ही स्थान पर मौजूद हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित उपदेश शास्त्री ने बताया कि इस दिन बरगद की पूजा करने से भगवान विष्णु, माता लक्ष?मी और भगवान शिव प्रसन्ना होते हैं। सौभाग्यवती महिलाओं को इस दिन बरगद का पूजन अवश्य करना चाहिए। वहीं शनिदेव की विभिन्ना महादशाओं से बचने के लिए उनका पूजन करना भी श्रेष्ठ रहेगा। उन्होंने बताया कि कम से कम वह लोग जिन्हें ढैया, साढ़ेसाती, शनि महादशा चल रही है उन्हें अवश्य ही शनिदेव का पूजन करना चाहिए।

### यहां से निकलेगी शोभायात्रा

कोरोना संक्रमण के चलते पिछले दो साल से शनि जयंती के मौकों पर शहर में विशाल शोभायात्रा नहीं निकल सकी, लेकिन आज भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। नवग्रह शनिदेव



मंदिर के पुजारी राधेलाल महाराज ने बताया कि आज शाम को 5 बजे शनिदेव मंदिर से शुरू होकर शोभायात्रा जतरापुरा, बरईपुरा, किरी मोहल्ला, माधवगंज, नगरपालिका रोड, तिलक चौक, नीमताल, बांसकुली, लोहाबाजार, बजरिया होते हुए रात में करीब 9 बजे मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्ना होगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि शनि जयंती के दिन बेतवा में स्नान करने के बाद घाटों पर गंदगी नहीं करे। शनिदेव मंदिर की दीवार के पास एक स्थान पर अपने पुराने वस्त्र, जूते-चप्पल आदि छोड़ सकते हैं।

### 3 होगा मंदिर परिसर में भंडारा

शनि जयंती के उपलक्ष?य में 30 मई को तड़के शनिदेव का अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद दिन भर मंदिर में शनि देव की शांति के लिए हवन आदि कराए जाएंगे। पुजारी के मुताबिक इस दिन विशाल भंडारा भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शनिदेव को प्रसन्ना करने के लिए तुलादान, लोहादान, द्रव्यदान, सातों अनाजों का दान करने का महत्व है। तिल, तेल, काला वस्त्र आदि भी चढ़ाया जाता है। इसके अलावा वट, पीपल, पारस पीपल, आंवला, आम, जामुन, समी, बांस, बील आदि वृक्षों के नीचे दीपक लगाने से भी लाभ होता है।

# अवैध शराब तस्करी करने वाले 2 युवक चढ़े पुलिस के हत्थे







**कोरिया।** जिले के मनेंद्रगढ़ थाना अंतर्गत मध्यप्रदेश से लाकर शहर में अवैध शराब बेचने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से लगभग 30 हजार रुपयों की शराब जप्त की गई है। मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मनेंद्रगढ़ उप निरीक्षक सचिन सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कोरिया प्रफुल्ल कुमार ठाकुर द्वारा अवैध शराब बिक्री के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश दिया जा रहा था। इसी तारतम्य में 19 मई 2022 को थाना मनेन्द्रगढ़ में मुखबिर से सूचना मिली कि 2 व्यक्ति जंगल के रास्ते मध्यप्रदेश से शराब तस्करी कर मनेन्द्रगढ़ की ओर आ रहे है। मुखबिर से सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर को जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मनेन्द्रगढ़ राकेश कुमार कुर्रे के मार्गदर्शन में आरोपियों को पकड़ने के लिये दो अलग अलग टीम बनाकर भुरसीडांड पुराना चारागाह के पास घेराबंदी कर कमलेश देवांगन को पकड़ लिया गया। उसके पास से 17 लीटर 280 मिली लीटर देशी प्लेन शराब एवं दूसरी टीम ने पुटाडांड आंगनबाडी के पास स्कूटी में जा रहे मनोज को रोककर उसकी तलाशी ली। उसके पास से अंग्रेजी शराब 24लीटर 300 मिली लीटर शराब कीमत लगभग 22100 रूपये जप्त कर लिया गया। दोनों आरोपियों कमलेश देवांगन पिता स्व. सुदन उम्र 37 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 05 मौहारपारा थाना मनेन्द्रगढ़ जिला कोरिया (छग) और मनोज खटिक पिता स्व. छेदीलाल खटिक उम्र 28 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 05 मौहारपारा थाना मनेन्द्रगढ जिला कोरिया (छग) के विरुद्ध 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में उप निरीक्षक सचिन सिंह थाना प्रभारी मनेन्द्रगढ़, सहायक उप निरीक्षक बी.के. सिंह प्रधान आरक्षक इश्तियाक खान, अमर सिंह अंजाम आरक्षक शम्भूनाथ यादव, अजय पोया, राकेश शर्मा, प्रदीप लकडा, गोविन्द साहू, पिताम्बर सिंह एवं सैनिक विमल लकड़ा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# प्रशासन मौन, जिम्मेदार कौन ?

■सड़को पर बिकती अवैध शराब

■नशीला माहौल, नीयत खराब !!

**राजनगर!** अनूपपुर जिले के अंतिम छोर पर बसे रामनगर थाने के अंतर्गत बसे राजनगर के कई क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार खुलेआम चल रहा है। शराब की लत बड़े बुजुर्गों के साथ, युवाओं और बच्चों को भी बुरी तरह




प्रभावित कर रहा है। घर- घर में शराब के प्रभाव से हिंसा की घटना देखने और सुनने को मिल रही है। शराबियों के हौसले बुलंदी पर है। क्यों कि आधी रात में भी पैकारी स्थल की दुकानों में शराब आसानी से उपलब्ध हो जा रहा है। फिर भी पुलिस एवं आबकारी विभाग के अफसर अवैध बिक्री पर अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं। सब कुछ देखने के बावजूद भीष्म पितामह की तरह चुप्पी साधे बैठे हुए है। खास बात यही है, कि नगर में कई जगहों पर अवैध पैकारी की हुई शराब भी बेची जा रही है। और अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ पुलिस कार्यवाही नहीं कर रही है। तथा मुख्य शराब के सरगनाओं को छिपाने का कार्य कर रही है। जिसके चलते अवैध शराब विक्रेता खुलेआम अवैध शराब बेच रहे हैं। अवैध शराब पर अंकुश लगाने को लेकर पुलिस की गंभीरता पर प्रश्नचिन्ह उठ रहा है। एक तरफ सर्व समाज शराब पर अंकुश लगाने के लिए लोगों को प्रेरित कर रहा है।जिससे लोग नशा से मुक्ति पा सके। वहीं दूसरी ओर नगर में गली - मोहल्लों,होटलों, में खुलेआम अवैध शराब मिल रही है। जिसकी वजह से लोग शराब की लत को छोड़ नहीं पा रहे हैं। और उनके घर उजड़ रहे है। कर्ज में दबे जा रहे हैं। छोटी मोटी पुलिसिया कार्यवाही की जगह जब तक मुख्य शराब के सरगनाओं को धरा नहीं जाएगा। तब तक प्रशासन के खिलाफ यह खबरों की श्रृंखला अनवरत जारी रहेगी। यह बात सनद रहे।

## उनका कहना है,

लगातार हमारे विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है। आगे भी कार्यवाही की जाएगी।

**आर.के वैश्य**
**थाना प्रभारी रामनगर**

## इनका कहना है,

आपके द्वारा सूचना मिली है। जल्दी कार्रवाई की जाएगी।

**एस.एन.पांडे**
**जिला आबकारी अधिकारी**
**अनूपपुर**

# ग्राम लोलकी, कछाड़ी, मझगवां, भगवतपुर सहित 9 ग्रामों में लगाई जनचौपाल

**ग्रामीण अंचलों में विधायक गुलाब कमरो की धुँआधार जन चौपाल लगातार जारी**





**कोरिया।** साविप्रा उपाध्यक्ष व विधायक गुलाब कमरो का जनसम्पर्क एवं जन चौपाल कार्यक्रम क्षेत्र में लगातार जारी है विधायक गुलाब कमरो ने अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान ग्राम छिंगुरा भगवतपुर कछाड़ी जोगिया लोलकी मझगवां, रजपुरी भलुवार ,परिहत, में जन चौपाल लगा कर लोगो से संवाद किया ग्रामीणों की समस्या सुन कर उनका त्वरित निराकरण किया सहज सरल अंदाज में पेड़ के नीचे जमीन पर ग्रामीणों के साथ बैठ कर छत्तीसगढ़ शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दिया विधायक कमरो ने जमीन पर बैठ, बुजुर्गों व माताओं बहनों की मांगों व समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना।

**जोगिया कछाड़ी में बनेगा सामाजिक भवन:** विधायक गुलाब कमरो ने जोगिया एवं कछाड़ी में जन सम्पर्क के दौरान ग्रामीणों की मांग पर ग्राम कछाड़ी में चेरवा समाज के लिए और ग्राम जोगिया में गोंड समाज हेतु सामाजिक भवन की घोषणा किया । ग्राम भगवतपुर एवं लोलकी में सांस्कृतिक शेड की घोषणा किया

**मझगवां में रात को लगाई चौपाल :** विधायक गुलाब कमरो पहुच विहीन एवं दूरस्थ ग्राम मझगवां भी पहुचे मझगवां में रात्रि कालीन समय मे भारी भीड़ के बीच विधायक ने ग्रामीणों से जन संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनी, इस दौरान समस्याओं का त्वरित निराकरण किया। विधायक ने बुजुर्गों और बच्चो के बीच भी काफी वक्त बात गुजरा।

**भलुवार परिहत में जनसपर्क :** विधायक गुलाब कमरो ने ग्राम भलुवार और रजपुरी में रात को पहुच कर ग्राम जनों से मुलाकात की, विधायक ने बीच मैदान में दरी पर ग्रामीणों के बीच बैठ कर लोगो से संवाद किया लोगो ने अपनी मांग व समस्या से विधायक को अवगत कराया विधायक ने समस्याओं का त्वरित निराकरण किया।

**कछाड़ी सरपंच सहित 105 लोगो ने किया कांग्रेस प्रवेश:** विधायक गुलाब कमरो के कार्यो से प्रभावित होकर ग्राम पंचायत काछड़ी के सरपंच बाबी भारती ने अपने 25 समर्थकों सहित विधायक गुलाब कमरो के समक्ष अपने समर्थकों सहित कांग्रेस प्रवेश किया इसी दौरान भगवत पुर से भाजपा नेता शिव चंद ने 15 समर्थकों के साथ लोकली से 20 कछाड़ी से 15 एवं जोगिया में गोंडवाना की कार्यकर्ता जयमुन बाई सहित कुल 30 लोगो ने एवं कुल 105 लोगो ने कांग्रेस की सदस्यता ली विधायक गुलाब कमरो ने सभी लोगो को कांग्रेस पार्टी का गमछा/स्टाल भेंट कर कांग्रेस पार्टी में प्रवेश दिलाया

**विकास के लिए नही होगी राशि की कमी - विधायक:** विधायक गुलाब कमरो ने जन चौपाल के दौरान क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी, उन्होंने सुंदरपुर सड़क, बसवाहि सड़क, करारी विक्रमपुर बोडार सड़क समेत तमाम सड़को की जनकारी दी, सभी समाजो के भवन सहित नवीन धान खरीदी केंद्र एवं ग्राम पंचायतों की जानकारी दी, विधायक ने ग्रामीणों की मांग पर कहा कि सभी मांगे पूरी होंगी, विकास कार्यो के।लिए राशि की कमी नही होने दी जाएगी, इस दौरान विधायक ने सभी योजनाओं की जानकारी से ग्रामीणों को विस्तार पूर्वक अवगत कराया

# 25 से 30 मई के मध्य अंबिकापुर-दिल्ली व अंबिकापुर से नागपुर की ट्रेन होगी शुरू - केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह



भाजपा जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अंकुर जैन एवं रेल संघर्ष समिति द्वारा दिनांक 21 मई को रेणुका सिंह केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार की माता श्री स्वर्गीय श्रीमती कैलाश देवी के निधन पर उनके निज निवास बचरपोड़ी छत्तीसगढ़ जाकर शोक संवेदना व्यक्त कर पुष्पांजलि अर्पित की ।

भाजपा जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अंकुर जैन एवं रेल संघर्ष समिति बिजुरी के सदस्यों ने केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह से रेल संबंधित समस्याओ पर भी सकारात्मक चर्चा की गई । जिस पर केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह ने बताया कि 25 से 30 मई के मध्य में हम आपकी बहुप्रतीक्षित मांग अंबिकापुर-दिल्ली तथा अंबिकापुर-नागपुर की ट्रेन की सौगात जल्द से जल्द मिलेगी। इसके साथ ही और भी कई सौगातें दी जाएंगी। भाजपा जिलाध्यक्ष अंकुर जैन ने चिरमिरी-नागपुर हाल्ट (17 किलोमीटर )न्यू रेल लाइन विस्तारीकरण परियोजना के सम्बंध में भी विस्तृत चर्चा की। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा इस परियोजना को अनावश्यक विलंब किया जा रहा है । राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के बीच एमओयू हुआ था जिसमें 50-50 प्रतिशत राशि से यह कार्य योजना पूरी होनी थी परंतु राज्य सरकार द्वारा इस पर कोई रुचि नहीं ली जा रही है एवं प्रशासन द्वारा जमीन अधिग्रहण की कार्यवाही चूहे की चाल में की जा रही है जिससे क्षेत्र की जनता में विशेषकर मनेंद्रगढ़-चिरमिरी की जनता में भारी रोष व्याप्त है । श्री जैन ने एवं रेल संघर्ष समिति बिजुरी ने केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह द्वारा अंबिकापुर-दिल्ली व अंबिकापुर-नागपुर ट्रेन की सौगात दिए जाने पर धन्यवाद ज्ञापित किया एवं मनेन्द्रगढ़ व बिजुरी नगर आने को आमंत्रित किया। जिस पर केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह ने अपनी सहमति जताते हुए ।

मनेन्द्रगढ़- बिजुरी नगर आने के आमंत्रण को सहज स्वीकार कर लिया । केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह जी ने बताया कि ट्रैन को 14 मई को ही शुरू हो जाना था पर केंद्रीय रेल मंत्री जी की व्यस्तता एवं अचानक कुछ महत्वपूर्ण कार्यों के कारण कुछ दिन जरूर लेट हुआ है, लेकिन ट्रैन कि बहुत जल्द शुरुवात होगी, ट्रैन का नंबर एवं समय सब कुछ निर्धारित कर लिया गया है, केवल शुरुआत होना बाकी है अंबिकापुर-नई दिल्ली की ट्रैन की रेक आकर बिलासपुर में खड़ी है । जल्द ही क्षेत्रवासी इस पर सफर करेंगे और जब अंबिकापुर से शुरुआत होगी तो मैं भी ट्रैन में जनता के साथ दिल्ली तक जाऊंगी ।

# अनुसूचित जनजाति के सोशल एवं मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर मैं सहृदय सभी को आभार व्यक्त करता हूं



भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष श्री कमल प्रताप सिंह जी एवं जिला प्रभारी श्री पीताम्बर टोपनानी जी के मार्गदर्शन एवं जिला अध्यक्ष श्री कमलेश सिंह मार्को अनुमोदन उपरांत मंडल अध्यक्ष श्री हेमंत सोनी जी की सहमति से भारतीय जनता पार्टी अ.ज.जा मोर्चा जिला शहडोल मंडल धनपुरी के अनुसूचित जनजाति के सोशल एवं मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर मैं सहृदय सभी को आभार व्यक्त करता हूं जो छोटी सी कार्यकर्ताओं को इतनी ऊंचाई पर ले जाने वाले अनुसूचित जनजाति मंडल अध्यक्ष श्री आलेक मोंगरे बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं अनुसूचित जनजाति के जिला अध्यक्ष दो शब्द मेरे लिए आभार व्यक्त किए आप सदैव समाज सेवा मानव सेवा एवं जीव सेवा में संलग्न रहते है, आप यह छवि प्रसंसनीय भारतीय जनता पार्टी इसी तरह कार्य करते रहें सबसे पहले मैं जिला अध्यक्ष श्री कमलेश सिंह मार्को को बहुत-बहुत धन्यवाद सहृदय आभार करता हूं भारतीय जनता पार्टी ऐसी पार्टी है जो छोटे से छोटे कार्यकर्ताओं को भी स्नेह और प्यार मिलता है।

संपादकीय

## कांग्रेस पार्टी का तीन दिवसीय चिंतन शिविर संपन्न




राजस्थान के उदयपुर में कांग्रेस पार्टी का तीन दिवसीय चिंतन शिविर संपन्न हो गया है। एक लंबे अरसे के बाद कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित इस चिंतन शिविर में पार्टी के 400 से अधिक वरिष्ठ नेताओं ने भाग लेकर लगातार तीन दिनों तक इस बात पर चिंतन मनन किया कि पार्टी को भविष्य में आम मतदाताओं से कैसे जोड़ा जाए। कांग्रेस के गिरते जनाधार को लेकर पार्टी नेता बहुत अधिक चिंतित नजर आ रहे हैं। 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद कांग्रेस पार्टी 2014 व 2019 में दो बार लोकसभा चुनाव हार चुकी है। इसके साथ ही कांग्रेस राज्य विधानसभाओं के चुनाव भी लगातार हारती जा रही है। कभी देश पर एकछत्र राज करने वाली कांग्रेस पार्टी के पास इस समय लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद भी नहीं है। अपने बूते पार्टी सिर्फ राजस्थान और छत्तीसगढ़ में ही सरकार चला रही है। महाराष्ट्र, झारखंड में कांग्रेस छोटे दल के रूप में गठबंधन की सरकार में शामिल है। राज्यसभा में भी कांग्रेस की स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है। ऐसी परिस्थितियों में पार्टी नेताओं का चिंतित होना स्वाभाविक ही है। कुछ समय से कांग्रेस पार्टी में कई वरिष्ठ नेता जी-23 नामक समूह बनाकर गांधी परिवार के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। ऐसे में चिंतन शिविर का आयोजन कर कांग्रेस पार्टी ने अपने संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। इस चिंतन शिविर से निकले विमर्श के बाद कांग्रेस पार्टी में कई बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। चिंतन शिविर में नेताओं के आपसी विचार विमर्श के बाद सभी ने एक सुर में गांधी परिवार के प्रति आस्था जतायी। जो पार्टी नेतृत्व पर गांधी परिवार की पकड़ को दर्शाता है। चिंतन शिविर में जुटे सभी नेता इस बात से चिंतित नजर आ रहे थे कि यदि कांग्रेस का जनाधार इसी तरह कम होता गया तो आने वाले समय में पार्टी हाशिए पर चली जाएगी। ऐसी ऐसी स्थिति से बचने के लिए सभी को एक साथ मिलकर जनाधार बढ़ाने के प्रयास करने होंगे। उदयपुर के चिंतन शिविर में पार्टी नेतृत्व कई कड़वी सच्चाई से अवगत भी हुआ और उन्हें सार्वजनिक रूप से स्वीकार भी किया। शिविर के खत्म होने पर अपने भाषण में राहुल ने साफ तौर पर कहा कि जनता से हमारा सम्पर्क टूट गया है। हमें बिना सोचे जनता के बीच जाकर बैठ जाना चाहिए। हमें उस सम्पर्क को हमें फिर से बनाना पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी को आम लोगों से अपने संवाद के तरीके में भी बदलाव करना पड़ेगा।

# दिल्ली में भीषण जल संकट है और केजरीवाल हाथ पर हाथ धरे बैठे हुए हैं

*भीषण गर्मी और हरियाणा में नदी में कम पानी छोड़े जाने के कारण स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। दिल्ली के जल-संकट को जल्दी-से-जल्दी दूर करना सरकार की प्राथमिकता होनी ही चाहिए। दिल्ली में जल संकट वैसे तो हर वर्ष गर्मी की समस्या है, पर इसका दुष्प्रभाव साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं कि बढ़ती जनसंख्या की वजह से दिल्ली में पानी की समस्या गंभीर होती जा रही है। अगर हम आंकड़ों पर गौर करें तो यह बात काफी हद तक सच भी है। जैसे दिल्ली की जनसंख्या में बीते दो दशकों में अत्यधिक वृद्धि हुई है। परंतु केवल जनसंख्या में वृद्धि ही दिल्ली में साल दर साल गहराते जल संकट का कारण नहीं है।*

पिछले कई दिनों से गंभीर जल संकट से दिल्ली की जनता परेशान है। परेशानी का सबब यह है कि पानी पहुंचाने वाले टैंकरों को कड़ी सुरक्षा में चलाया जा रहा है, ताकि पानी को लेकर हिंसा की नौबत न आ जाए। दक्षिणी दिल्ली क्षेत्र में पानी की कमी से जूझ रहे लोग पानी की टंकियों और हैंडपंपों से बूंद-बूंद पानी इकट्ठा कर रहे हैं और अपने-अपने पानी के डिब्बों को जंजीर से बांधकर रख रहे हैं। ऐसा ही नजारा वसंत विहार के कुसुमपुर पहाड़ी इलाके में देखने को मिला। यह चिंताजनक इसलिए है कि अगर ऐसे ही हालात बने रहे तो यह जल संकट कभी भी जल संघर्ष एवं हिंसा में बदल सकता है। यह तो अक्सर देखने में आता ही रहा है कि पानी को लेकर लोग एक दूसरे की जान तक लेने में भी नहीं हिचकते।

भीषण गर्मी और हरियाणा में नदी में कम पानी छोड़े जाने के कारण स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। दिल्ली के जल-संकट को जल्दी-से-जल्दी दूर करना सरकार की प्राथमिकता होनी ही चाहिए। दिल्ली में जल संकट वैसे तो हर वर्ष गर्मी की समस्या है, पर इसका दुष्प्रभाव साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं कि बढ़ती जनसंख्या की वजह से दिल्ली में पानी की समस्या गंभीर होती जा रही है। अगर हम आंकड़ों पर गौर करें तो यह बात काफी हद तक सच भी है। जैसे दिल्ली की जनसंख्या में बीते दो दशकों में अत्यधिक वृद्धि हुई है। परंतु केवल जनसंख्या में वृद्धि ही दिल्ली में साल दर साल गहराते जल संकट का कारण नहीं है। विश्व के किसी भी शहर एवं खासकर राजधानी क्षेत्र की जनसंख्या में वृद्धि एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, पर इससे उपजने वाली विभिन्न समस्याओं एवं जल संकट का मूल आबादी की बजाय, आबादी द्वारा चुनी गई सरकार एवं उसके लिए कार्य करने वाली संस्थाएं हैं, जोकि जीवन के मूलभूत तत्वों एवं जीवन निर्वाह की मूल जरूरतों में से एक जल भी उपलब्ध नहीं करवा पाती है। यह सरकार की नाकामी को दर्शाता है। यह कैसी सरकार है जिसके शासन में एक-एक बाल्टी पानी के लिए लोग रात-रात भर जाग रहे हैं। जहां पानी पहुंच रहा है वहां लंबी-लंबी कतारें लगी हैं। जिनके पास पानी खरीदने को पैसे नहीं हैं, वे गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। जो खरीद सकते हैं, वे मुंहमांगा दाम दे रहे हैं। ऐसा नहीं कि ये हाल कुछेक इलाकों का है। आधी से ज्यादा दिल्ली पानी के लिए इसी तरह तरस रही है। यह हर साल का रोना है। लेकिन विडंबना यह है कि जल संकट के स्थायी समाधान के लिए क्या हो, इसकी फिक्र किसी को नहीं दिखती। दिल्ली में जल-संकट का कारण रजनीति भी है। पानी को लेकर विवाद दूसरे राज्यों में भी होते रहते हैं। नदियों के पानी पर किसका और कितना हक हो, यह मुद्दा जटिल तो है ही, राज्यों की राजनीति ने इसे और पेचीदा बना डाला है। दिल्ली को अतिरिक्त पानी देने को लेकर उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश के साथ चर्चा करीब तीन साल से चल रही है। हरियाणा सरकार के साथ भी लंबे समय से बात चल रही है। पर अब तीनों राज्यों ने अपनी मजबूरी जता दी है। मोटे तौर पर दिल्ली में पानी का संकट तब खड़ा होता है, जब यमुना में पानी कम हो जाता है। ताजा स्थिति यह है कि वजीराबाद बैराज पर यमुना नदी का जलस्तर सामान्य से छह फीट नीचे चला गया है। यहां पानी हरियाणा से आता है। हरियाणा तर्क यह दे रहा है कि पंजाब उसे उसके हिस्से का पानी नहीं दे रहा। यानी जब पंजाब हरियाणा को पानी देगा, तब वह दिल्ली को देगा। अगर वाकई ऐसा है तो यह बेहद गंभीर बात है। इससे तो यही लग रहा है कि पानी को लेकर सरकारें राजनीति कर रही हैं। गौरतलब है कि दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है, जबकि उत्तर प्रदेश और हरियाणा में भाजपा की। जबकि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार है और उसी की सरकार पंजाब में है तो वह समस्या के समाधान के लिये तत्पर क्यों नहीं होती? पंजाब हरियाणा को पानी दे तो दिल्ली को पानी मिल सकता है। लेकिन इस समस्या के समाधान के लिये गंभीरता क्यों नजर नहीं आ रही है?




■ **दिल्ली की अपनी भौगोलिक स्थिति और अन्य मजबूरियां ऐसी हैं कि बिना दूसरे राज्यों से पानी मिले उसका गुजारा चल नहीं सकता।**

क्यों जल पर राजनीति की जा रही है? क्यों जनता को पानी के लिये त्राहि-त्राहि करने पर विवश किया जा रहा है? ऐसा प्रतीत होता है कि हमारे राजनीतिज्ञ, जिन्हें सिर्फ वोट की प्यास है और वे अपनी इस स्वार्थ की प्यास को इस पानी से बुझाना चाहते हैं। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और दिल्ली का यह जल-विवाद आज हमारे लोकतांत्रिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर दे उससे पूर्व आवश्यकता है तुच्छ स्वार्थ से ऊपर उठकर व्यापक राष्ट्रीय हित एवं जनता के हित के परिप्रेक्ष्य में देखा जाये। जीवन में श्रेष्ठ वस्तुएं प्रभु ने मुफ्त दे रखी हैं- पानी, हवा और प्यार। और आज वे ही विवादग्रस्त, दूषित और झूठी हो गईं। बहुत हो चुका है। अब बस। 2022 दिल्ली के जल-संकट का समाधान का वर्ष हो। भारत की नदियां शताब्दियों से भारतीय जीवन का एक प्रमुख अंग बनी हुई हैं।

इन्हीं के तटों से ऋषियों-मुनियों की वाणी मुखरित हुई थी। जहां से सदैव शांति एवं प्रेम का संदेश मिलता था। इसमें तो पूजा के फूल, अर्घ्य और तर्पण गिरता था। हमारी सभ्यता, संस्कृति एवं विविधता की एकता का संदेश इन्हीं धाराओं की कलकल से मिलता रहा है। जिस जल से सभी जाति, वर्ग के लोगों के खेत सिंचित होते हैं। जिनमें बिना भेदभाव के करोड़ों लोग अपना तन-मन धोते हैं। जो जल मनुष्य ही नहीं, पशु-पक्षी की भी प्यास बुझाता है, उसमें अलगाव, भेदभाव, राजनीतिक स्वार्थ का जहर कौन घोल रहा है? इन राज्यों के अपने तकनीकी व अन्य कारण हो सकते हैं। हो सकता है कि वे उचित भी हों, लेकिन जिस तरह का रवैया दिल्ली एवं पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार एवं हरियाणा, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश की भाजपा सरकारें दिखा रही हैं, उसे शायद ही कोई जायज ठहराएगा। हालांकि देखा यह भी जाना चाहिए कि इन राज्यों के पास अपने लिए कितना पानी है। दिल्ली की अपनी भौगोलिक स्थिति और अन्य मजबूरियां ऐसी हैं कि बिना दूसरे राज्यों से पानी मिले उसका गुजारा चल नहीं सकता। सारे राज्य एक ही देश के हैं, पड़ोसी हैं, सभी के नागरिक भी एक ही हैं। ऐसे में कोई राज्य किसी जरूरतमंद राज्य को पानी नहीं देकर संकट खड़ा करता है, तो यह गंभीर बात है, यह प्रदूषित राजनीति का द्योतक है। देश की राजधानी में ही अगर इतना गंभीर जल संकट खड़ा हो जाता है और वह भी हर साल, तो सरकारों पर सवाल उठना लाजिमी है। जल-संकट के अलावा भी अन्य आम जनता से जुड़े अनेक संकट हैं जैसे प्रदूषण आदि। आखिर सरकारें कर क्या रही हैं?

# काशी में साक्षात हैं प्रमाण ! फिर भी हो रहा है हिंदू आस्था का अपमान

अयोध्या विवाद के समाधान के बाद अब काशी में ज्ञानवापी और मथुरा में शाही ईदगाह विवाद भी निर्णायक दौर में पहुंच रहे हैं। ज्ञातव्य है कि श्री राम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ के समय से ही उत्तर प्रदेश में हिन्दू आस्था के तीन प्रमुख केन्द्रों को हिन्दुओं को सौंपे जाने की मांग हो रही है। इनमें श्री राम जन्म भूमि के अतिरिक्त जो दो अन्य केंद्र हैं वे श्री कृष्ण जन्मभूमि तथा ज्ञानवापी परिसर जिसके अन्दर प्राचीन श्री विश्वेश्वर महादेव ज्योतिर्लिंग विद्यमान माने जाते हैं। जब से काशी के ज्ञानवापी परिसर में सर्वेक्षण का आरम्भ हुआ, वहां से लगातार उस स्थल के प्राचीन मंदिर होने के प्रमाण सामने आ रहे थे और अंतिम दिन तो शिवलिंग ही प्राप्त हो गया। प्राचीन मंदिर मिलने के बाद जहाँ पूरे देशभर में शिवभक्तों में प्रसन्नता और हर्ष की



लहर दौड़ गयी वहीं सेकुलर राजनैतिक दलों ने अपनी विकृत राजनीति शुरू कर दी। भाजपा विरोधी सभी राजनैतिक दलों के नेता और उनके सहयोगी इस समय टीवी चैनलों पर आकर तथा सोशल मीडिया में न केवल हिंदू समाज, भाजपा व संघ के खिलाफ अपमानजनक बयानबाजी कर रहे हैं वरन भगवान शिव, शिवलिंग और सनातन धर्म पर भी अभद्र टिप्पणी करके देश का वातावरण जहरीला बनाने का प्रयास कर रहे हैं। यह सत्य सामने आ चुका है कि ज्ञानवापी परिसर के वजूखाने वाले स्थान पर शिवलिंग उपस्थित है। देश के मान्य पुरातत्वविद, इतिहासविद तथा मद्रास सहित कई आईआईटी प्रोफेसर पुष्टि कर रहे हैं कि यह शिवलिंग ही है, जबकि दूसरा पक्ष शरारती तौर पर इसे फव्वारा कह कर उपहास करने का प्रयत्न कर रहा है। क्योंकि अभी मामला न्यायालय में है अतः अंतिम निर्णय भी वहीं होगा कि यह क्या है। जैसे ही वादी पक्ष द्वारा ज्ञानवापी परिसर में शिवलिंग मिलने का दावा किया गया उसी समय से इन सभी हिंदू विरोधी ताकतों में हाहाकार मच गया और वे अनर्गल प्रलाप करने लगे। चुनाव प्रचार के दौरान ये मक्कार दल अपने आपको सबसे बड़ा हिंदू साबित करने में लगे थे और मंदिर-मंदिर घूम रहे थे, कोई नेता अपने आपको शिवभक्त बता रहा था तो कोई रामभक्त और किसी के सपनों में सीधे श्री कृष्ण ही आने लगे थे।

## केरल में राजनीतिक संरक्षण से बढ़ रहा है PFI का हौसला बच्चे से हिंदू-ईसाई विरोधी नारेबाजी कराना खतरनाक

**चरमपंथी** इस्लामिक संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया का दुस्साहस बढ़ता ही जा रहा है। खासकर केरल में इस संगठन की गतिविधियां काफी बढ़ गयी हैं क्योंकि यहां इसे एक तरह का राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। देशविरोधी अभियानों के लिए कुख्यात और आरएसएस विरोधी एजेंडा चलाने में मशगूल रहने वाला यह संगठन अब खुलेआम हिंदुओं और ईसाइयों को धमकी देने पर उतर आया है। पीएफआई ने केरल के अलाप्पुझा में सेव द रिपब्लिक अभियान के तहत जो विरोध मार्च निकाला और उसमें जिस प्रकार की नारेबाजी की गयी वही इस संगठन का असली चेहरा है। हम आपको बता दें कि इस विरोध मार्च के दौरान पीएफआई ने सोची-समझी रणनीति के तहत एक छोटे-से बच्चे से भड़काऊ नारे लगवाये। अपने पिता के कंधे पर बैठा यह बच्चा नारे लगाते हुए हिंदुओं और ईसाइयों को चेतावनी दे रहा है। यह बच्चा नारे लगा रहा है कि हम बाबरी और ज्ञानव्यापी दोनों में एक दिन सजदा जरूर करेंगे, इंशाअल्लाह, संघियों तुम इस बात को



समझ लो। यह बच्चा नारे लगा रहा है कि ÷ना हम पाकिस्तान जाएंगे और न ही बांग्लादेश जाएंगे, इसी देश की 6 फीट जमीन में ही दफन होंगे, लेकिन संघियों तुम ये याद रखना हम मिटने से पहले तुम्हें मिटाकर जाएंगे। इस बच्चे की नारेबाजी का जो दूसरा वीडियो वायरल हो रहा है उसमें वह हिंदुओं और ईसाइयों से कह रहा है कि अपने घर पर चावल, फूल और अंतिम संस्कार के सारे सामान का इंतजाम करके रखो, कुछ भी मत भूलना, कुछ भी मत भूलना, तुम्हारा काल बनकर हम तुम्हारे पास आ रहे हैं। पीएफआई की रैली में यह जो नारेबाजी हुई है उसको सिर्फ हिंदुओं या आरएसएस के खिलाफ नारेबाजी समझने की भूल मत करिये।

# फोरलेन सड़क का डिवाइडर बनने के बाद ही क्षतिग्रस्त हुआ

**सिलवानी।** नगर की फोरलेन सड़क का निर्माण घटिया तरीके से किया जा रहा है। इससे नगर के आमापानी से बजरंग चौराहे तक दो किमी मार्ग पर बनाई जा रही नालियां एवं डिवाइडर बनने के साथ ही क्षतिग्रस्त होने लगे हैं। विगत दिनों सेमफोर्ड स्कूल के पास ट्रक नाली में घुस गया जिससे नाली टूट गई। इतना ही नहीं डामर की परतें तो उखड़ रही है। वहीं सड़क के अंदर का सामान भी निकलकर बाहर आ गया है। इससे शहर के आम लोग भी घटिया निर्माण की बात कह रहे हैं। नगर के अंदर आमापानी वार्ड एक से बजरंग चौराहे तक दो किमी लंबाई और 12 करोड़ रुपये की लागत वाली सड़क बहुत ही खराब है। हरियाणा की सड़क निर्माण कंपनी ने कार्य के प्रारंभ में लापरवाही बरतते हुए स्वयं कार्य न करते हुये पेटी पर छोटे ठेकेदारों को नाली, पुल पुलिया एवं सड़क निर्माण कार्य का जिम्मा सौंपा था। जोकि निर्धारित समयावधि निकलने के बाद भी पूर्ण नहीं हो पाया है।



## खंभे शिफ्ट किए बगैर ही बना दिए डिवाइडर

*बिना बिजली लाइन के खंभे शिफ्ट किए ही डिवाइडर बना दिए गए। जिससे आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। वही कई स्थानों पर डिवाइडर बनने के साथ ही क्षतिग्रस्त होकर अपने घटिया होने की पोल खोल रहे हैं। इस फोरलेन हाइवे चौड़ीकरण के विपरीत डिवाइडर निर्माण कार्य ठेकेदार और उनके कर्मचारियों की लापरवाही मनमानी की वजह से महीनों से अधूरा छोड़ दिया गया है। जिसकी वजह से वाहन चालकों समेत राहगीरों को भारी असुविधा हो रही है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा के पास गांधी चौराहे पर सड़क को अत्यंत संकीर्ण किया गया है। जबकि वहां सरकारी जमीन खुली हुई पड़ी थी। नागरिकों ने भी ज्ञापन देकर महात्मा गांधी की प्रतिमा को चौराहे पर लाने या सड़क किनारे ही सड़क चौड़ीकरण चबूतरे को कम कर प्रतिमा के सुंदरीकरण की मांग की थी। निर्माण एजेंसी ने डिवाइडरों के बीच पोल गाड़ने और उनमें अंडर ग्राउंड लाइट फिटिंग कर कनेक्शन नहीं किए गए हैं। जिससे स्टेट हाइवे 44 की सड़क पर रात में अंधेरा पसरा रहता है। कई बिजली पोल और ट्रांसफर शिफ्टिंग काम नहीं किया जा सका है। जबकि बारिश का समय नजदीक है।*

### पानी की सप्लाई हो रही बाधित-

निर्माण एजेंसी की लापरवाही से नगर की पेयजल योजना लाइन को नाली निर्माण, सड़क चौड़ीकरण के नाम पर खोदा जा रहा है। जिससे भीषण गर्मी में जल प्रदाय बाधित हो रहा। शिवाजीनगर में पिछले तीन साल से पुल निर्माण कार्य चल रहा है। जिससे सड़क से उड़ती धूल लोगों का स्वास्थ्य को हानिकारण साबित हो रही है। निर्माण एजेंसी द्वारा उड़ती धूल को कम करने के लिए नियमित रूप से पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है।

# सौर ऊर्जा से चमकेगा सांची, व्यापारियों व दुकानदारों की बैठक ली




**सांची।** नगर के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों, सरकारी दफ्तरों सहित अन्य को शीघ्र ही सौर उर्जा से जोड़ा जाएगा। इसको लेकर मंगलवार को जनपद सभागार में बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में उपस्थित लोगों के भी सुझाव लिए गए। सौर ऊर्जा के संबंध में सभी के सुझाव पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। अमल में लाया जाएगा। एसडीएम एलके खरे ने कहा कि यह नगर विश्व के पटल पर अंकित है तथा यहां देश विदेश के हजारों की संख्या में पर्यटक आते जाते रहते हैं। हम बिजली के ऊपर निर्भर रहते थे तथा अब हम विकास के साथ ही नगर को पूरी तरह सौर ऊर्जा से जोड़ने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। सौर ऊर्जा से जुड़ने से जहां हमारी निर्भरता बिजली पर कम होगी वहीं नगर में सुंदरता भी बढ़ सकेगी तथा नगर को हम हमेशा रोशन रख सकेंगे साथ ही बिजली के भार से भी मुक्ति मिल जाएगी। नायब तहसीलदार नियति साहू, जनपद पंचायत सीईओ प्रदीपकुमार छलोत्रे, नगर परिषद सीएमओ हरीश सोनी, एपीओ प्रवीण त्रिपाठी सहित अनेक दफ्तरों के प्रमुख एवं नगर की होटल लाजो दुकानदारों सहित नगर के जनप्रतिनिधियों के साथ गणमान्य नागरिक एवं बैंक प्रबंधक उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने विस्तार से सौर ऊर्जा के संबंध में जानकारी दी तथा कहा हमें नगर को पूरी तरह सौर ऊर्जा से जोड़ कर रोशन किया जाएगा। इस में जो व्यय आएगा वह लिया जाएगा तथा एक व्यक्ति पर जमा करने वाली राशि अधिक होगी तो उस प्लांट से जुड़ने चार घर के लोग मिलकर भी सौर ऊर्जा का लाभ उठा सकते हैं। इस अवसर पर अनेक लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा सुझाव रखे ।

# आबादी के बीच संचालित ईंट भट्टा, धुआं व राख से परेशानी



**रायसेन।** जिला मुख्यालय सहित अनेक नगरीय क्षेत्रों व कस्बों में आबादी के बीच ईंट भट्टा संचालित हैं। धुंआ व राख से रहवासी क्षेत्र के लोगों को परेशानी तो होती है आसपास पर्यावरण प्रदूषण भी हो रहा है। मिट्टी के अत्याधिक खनन से उर्वरा शक्ति नष्ट होने के साथ ही भूस्खलन की आशंका रहती है। जिला मुख्यालय से 16 किमी भोपाल मार्ग पर स्थित कस्बा खरबई में मंदिर के पीछे आबादी के बीच ईंट भट्टा लंबे समय से संचालित है। रहवासियों ने कई बार प्रशासन को समस्या से अवगत कराया है। अधिकारियों की मिलीभगत से कार्रवाई नहीं हो रही है।

## स्कूल के बाजू में है ईंट भट्टा

खरबई में राष्ट्रीय राजमार्ग-146 से महज 20 फीट दूर शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल है। स्कूल के पीछे ही ग्राम के बीचोंबीच ईंट भट्टा संचालित किया जा रहा है। कस्बा की आबादी करीब तीन हजार है। नियमानुसार रहवासी क्षेत्र में ईंट भट्टा संचालित करना प्रतिबंधित होता है। इस भट्टे को संचालित करने की कोई भी उचित और वैध अनुमति नहीं है। जो शासन द्वारा ईंट भट्टे के लिए दी जाती है। क्योंकि ग्राम के अंदर भट्ठा संचालित करना अवैध ही नहीं अनुचित भी है। भट्टे से निकलने वाले दूषित धुंए से ग्रामीणों को बहुत दिक्कत होने लगी है। भीषण गर्मी में भट्ठा से इतनी गर्म हवा निकलती है कि ग्रामीणों का रहना दुश्वार हो गया है। भट्टे की सूचना तहसीलदार को भी दे दी गई है, लेकिन भट्ठा संचालक पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। भट्ठा संचालक बोलता है मेरे पास सब अनुमति है मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता।




















# 'भूल भुलैया 2' का क्या है मनमोहन देसाई कनेक्शन



फिल्म 'भूल भुलैया 2' की कामयाबी हिंदी सिनेमा के लिए एक नई संजीवनी बनकर आई है। फिल्म के निर्देशक अनीस बज्मी ने इसमें बहुत चतुराई से आज के युवाओं की पसंद में परंपराओं का प्यार घोला है। फिल्म संस्कारों, परंपराओं और रीति रिवाजों का चोला तो पहने है लेकिन फिल्म की आत्मा पूरी तरह आधुनिक है। फिल्म बच्चों से लेकर बड़ों तक पसंद आ रही है और फिल्म की रिपीट ऑडियंस के बढ़ने से इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन दूसरे हफ्ते भी मजबूत रहने की उम्मीद नजर आ रही है। मशहूर शायर अब्दुल हमीद बज्मी के बेटे अनीस की तैयारी अब 'नो एंट्री' का सीक्वल बनाने की है, इसके अलावा उनकी कंपनी जल्द ही ओटीटी कारोबार में भी उतर रही है और उनकी पहली वेब सीरीज का खाका भी बनकर तैयार है। अनीस बज्मी से 'अमर उजाला' के सलाहकार संपादक पंकज शुक्ल ने ये खास मुलाकात की। मुंबई में अपने शुरुआती दिनों की याद करते हुए अनीस बताते हैं, 'अपने वालिद के साथ मुंबई के वजीर होटल में मैंने उस दौर के तमाम बड़े शायरों को चाय पिलाई है, उनके लिए पान-सिगरेट लेकर आया हूं। उसी दौर में 11-12 साल की उम्र में लिखने का शौक पनपा। शुरू में शायरी की कोशिश की लेकिन जल्द ही समझ आ गया कि मैं इसके लिए नहीं बना हूं।' अनीस बज्मी हिंदी सिनेमा के उन गिने चुने निर्देशकों में से हैं जिन्होंने तीन पीढ़ियों के सुपर सितारों के साथ काम किया है। राजेश खन्ना से लेकर कार्तिक आर्यन तक उन्होंने तमाम बदलाव भी हिंदी सिनेमा के देखे। वह कहते हैं, 'शोहरत की कसौटी पर खरा उतरना बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। इस बात का एहसास मुझे अपनी पहली फिल्म 'स्वर्ग' के दिनों से है। इस फिल्म की रिलीज के तुरंत बाद यश चोपड़ा जी के यहां से मुझे फोन आया। मैं मिलने गया तो उनकी पत्नी पामेला चोपड़ा ने मेरी अगली फिल्म 'प्रतिबंध' का जिक्र किया। चिरंजीवी उस फिल्म के हीरो थे लेकिन पामेला जी ने कहा कि हम लोग पोस्टर पर आपका नाम देखकर फिल्म देखने गए।' फिल्म 'भूल भुलैया 2' की कामयाबी की एक बड़ी वजह इसका आज के दर्शकों से संबंध जोड़ पाना भी माना जा रहा है। अनीस कहते हैं, 'मैं लगातार बदलाव में यकीन रखता हूं। निर्देशक का असली काम है समय के साथ खुद को बदलते रहना। मैं पहले भी ये कर चुका हूं और आगे भी करता रहूंगा। ये बात मैंने हिंदी सिनेमा के महान निर्देशक मनमोहन देसाई से सीखी। मैं भी उनकी तरह हर उम्र के लोगों के साथ उठता बैठता हूं। बच्चों के साथ वक्त बिताता हूं और उनकी सोच को अपने सिनेमा में लाने की कोशिश करता हूं।' कम लोगों को ही पता है कि निर्देशक अनीस बज्मी फिल्मों में अभिनय भी कर चुके हैं। फिल्म 'नसीब' में उन्होंने शत्रुघ्न सिन्हा के बचपन वाला रोल किया है।



# करण जौहर की पार्टी में सबा आजाद का हाथ थामे नजर आए ऋतिक रोशन, रिश्ते को मिलेगा एक नया नाम ?

बॉलीवुड के मशहूर निर्माता और निर्देशक करण जौहर 50 साल के हो चुके हैं। इस खास मौके पर बीते बुधवार को उन्होंने एक ग्रैंड पार्टी का आयोजन किया, जिसमें बॉलीवुड के तमाम सितारों ने शिरकत की थी। इस पार्टी में करण काफी हैंडसम लग रहे थे। उनकी पार्टी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। करण जौहर की पार्टी में ऋतिक रोशन भी अपनी कथित गर्लफ्रेंड सबा आजाद के साथ पहुंचे। हाथों में हाथ डाले ऋतिक और सबा ने पार्टी के दौरान खूब लाइमलाइट बटोरी। ऐसा लग रहा था मानों दोनों इस पार्टी की जान हों।



ऋतिक और सबा ने जैसे ही पार्टी में एंट्री ली सभी की निगाहें उनपर टिक गईं। दोनों ने ब्लैक ट्यूनिंग कर रखी थी। पार्टी के दौरान दोनों काफी खुश लग रहे थे। ये पहली बार था जब ऋतिक सबा के साथ आधिकारिक रूप से सबके सामने आए। ऐसे में दोनों ने अपने रिश्ते को पब्लिकली ऑफिशियल कर सकते हैं। पार्टी के दौरान ऋतिक और सबा फोटोग्राफर्स को खूब पोज दे रहे थे। ऋतिक अक्सर सबा आजाद के साथ कहीं न कहीं स्पॉट किए जाते हैं, लेकिन उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड के साथ कभी भी रिश्ते को लेकर आधिकारिक घोषणा नहीं की। वह अपने रिश्ते को लेकर पहली बार सुर्खियों में तब आए जब इस साल जनवरी में दोनों को स्पॉट किया गया। इसके बाद दोनों को कई बार एकसाथ देखा जा चुका है। कुछ समय पहले सबा ऋतिक के घर डिनर पर भी पहुंची थी, जहां उन्होंने अभिनेता के परिवार के साथ तस्वीर खिंचवाई थी। वर्कफ्रंट की बात करें तो ऋतिक रोशन बहुत जल्द सिद्धार्थ आनंद की एक्शन फिल्म फाइटर में दिखाई देंगे। फिल्म में ऋतिक के साथ दीपिका पादुकोण नजर आएंगी। यह पहली बार होगा जब यह जोड़ी एकसाथ स्क्रीन शेयर करेगी।

## असल जिंदगी में करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं 'जेठालाल', एक एपिसोड के लेते हैं लाखों रुपये

तारक मेहता का उल्टा चश्मा एक ऐसा शो है, जो कई सालों से दर्शकों का दिल जीत रहा है। इस शो में जेठालाल का किरदार निभाने वाले दिलीप जोशी किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपने अभिनय के बल पर दर्शकों के दिल में एक खास जगह बना ली है। यूं तो दिलीप 12 साल की उम्र से ही एक्टिंग की दुनिया में कदम रख चुके थे और कई फिल्मों में भी काम किया, लेकिन उनकी किस्मत इस शो से चमकी। इस शो ने उन्हें फर्श से अर्श पर लाकर बैठा दिया। आज दिलीप जोशी अपना 54वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर चलिए आपको बताते हैं उनकी कमाई के बारे में। दिलीप



जोशी ने एक बैकस्टेज आर्टिस्ट के तौर पर 50 रुपये की कमाई के साथ अपने करियर की शुरुआत की थी। वहीं, अब वह तारक मेहता का उल्टा चश्मा में सबसे ज्यादा फीस लेने वाले एक्टर हैं। रिपोर्ट की मानें तो वह एक एपिसोड की लगभग डेढ़ लाख से दो लाख रुपये फीस लेते हैं और महीने में 25 दिन काम करते हैं। पोरबंदर गुजरात में जन्मे दिलीप जोशी एक लग्जुरियस लाइफ जीते हैं। उनके परिवार में पत्नी जयमाला जोशी, बेटा रित्विक और बेटी नियति हैं। मुंबई में उनका खुद आलीशान घर है। वहीं, उनके कार कलेक्शन की बात करें तो उनके पास ऑडी क्यू7 और इनोवा है।

## बेटी मालती को लेकर ऐसा सोचते हैं निक जोनस, एक शो के दौरान किया खुलासा





निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा इस साल जनवरी में सेरोगेसी के जरिए माता-पिता बने हैं। प्रियंका और निक ने मदर्स डे के मौके पर अपनी बेटी की तस्वीर शेयर की थी। कपल अपनी बच्ची की प्राइवेसी को लेकर काफी प्रोटेक्टिव रहे हैं। इसके बावजूद उनका कहना था कि अस्पताल से लीक हुए आधिकारिक दस्तावेजों के माध्यम से उनकी बेटी के नाम का खुलासा हो गया। हाल ही में निक ने पहली बार अपने पिता बनने के अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह उनके और प्रियंका के लिए एक जादुई यात्रा जैसा है। निक हाल ही में द केली क्लार्कसन शो में दिखाई दिए। इस दौरान उन्होंने पिता बनने और प्रियंका के साथ बेटी के पालन-पोषण के सफर के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि बेटी मालती सबसे अच्छी है। उनका आना हमारे जीवन में एक जादुई मौसम है, उसका घर में होना भगवान के आशीर्वाद जैसा है। प्रियंका और निक ने उन चुनौतियों के बारे में भी बताया था जब उनकी बेटी एनआईसीयू में थी। मदर्स डे पर बेटी की तस्वीर शेयर करने के दौरान प्रियंका चोपड़ा ने एक नोट भी लिखा था- इस मदर्स डे हम आपको अपने पिछले कुछ महीनों के बेहतरीन एक्सपीरियंस बताना चाहते हैं, जो हम जानते हैं कि हर किसी ने अनुभव किए होंगे।

## जॉनी डेप पर एक और महिला ने ठोका दावा, चिल्लाकर बोली- यह तुम्हारा बच्चा है



हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता जॉनी डेप और उनकी पत्नी एम्बर हर्ड के बीच छिड़ी जंग अब किसी से छिपी हुई नहीं है। दोनों के बीच कोर्ट में चल रही इस कानूनी लड़ाई में एक के बाद एक हैरान कर देने वाले खुलासे हो रहे हैं। इस मानहानि मुकदमे में चल रहे हाई वोल्टेज ड्रामे में कभी जॉनी डेप पर कीचड़ उछाला रहा है, तो कभी एम्बर हर्ड के खिलाफ दलीलें दी जा रही हैं। यह दलीलें दोनों सितारों की छवि पर कीचड़ उछाल रही हैं, जिसका नुकसान दोनों को ही उठाना पड़ रहा है। अभिनेता और अभिनेत्री के फैंस को इस विवाद में कुछ ज्यादा ही दिलचस्पी है और इसकी वजह से ही कोर्ट रुम में उनके बहुत सारे फैंस भी मौजूद रहते हैं। अब इस केस को लेकर एक और बड़ा अपडेट सामने आया है। जॉनी की एक फीमेल फैन ने कोर्ट रूम में दावा किया है कि वह उसके बच्चे के पिता हैं।

# दुखदः बिदिशा डे ने किया सुसाइड, पंखे से लटका मिला 21 साल की अभिनेत्री का शव

बीते दिनों 21 साल की कन्नड़ टीवी अभिनेत्री चेतना राज के आकस्मिक निधन ने सभी को हैरान-परेशान कर दिया था। चेतना की मृत्यु हुए अभी कुछ ही समय बीता है कि सिनेमा इंडस्ट्री से एक और दिल दहला देने वाली खबर सामने आ रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बंगाली एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की 21 वर्षीय मॉडल और एक्ट्रेस बिदिशा डे मजूमदार ने आत्महत्या कर ली है। इस खबर ने सभी को चौंका दिया है और पूरी बंगाली इंडस्ट्री सदमे में पहुंच गई है।

**फ्लैट में मिला अभिनेत्री का शव:** मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो 21 साल की बंगाली मॉडल और अभिनेत्री बिदिशा ने



***डिप्रेशन का शिकार थी अभिनेत्री:*** *अभिनेत्री के करीबी दोस्तों ने का कहना है कि वह अपने बॉयफ्रेंड के कारण पिछले काफी समय से डिप्रेशन में थीं। बिदिशा का बॉयफ्रेंड अनुभाव उनको धोखा दे रहा था, बिदिशा को डेट करते-करते वह तीन और लड़कियों के साथ रिश्ते में था। वह अनुभाव को किसी और के साथ बांटने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं थीं। अभिनेत्री के दोस्तों का कहना यह भी है कि सुसाइड नोट में कैंसर से पीड़ित होने वाली बात एक-दम झूठी है।*

अपने फ्लैट में फांसी पर लटककर अपनी जान दे दी है। बुधवार को उनका शव उनके फ्लैट पर फंदे से लटका मिला, जिसके बाद पूरी बंगाली इंडस्ट्री में हड़कंप मच गया है। बता दें कि बिदिशा नगर बाजार में रेंट पर एक फ्लैट में रहती थीं। बीते दिन पुलिस को वहीं उनका शव फंदे से लटका हुआ मिला था। पुलिस दरवाजा तोड़कर फ्लैट के अंदर पहुंची क्योंकि दरवाजा अंदर से बंद था। उभरती हुई मॉडल और एक्ट्रेस का शव बरामद करने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया है।

**पुलिस को मिला सुसाइड नोट:** पुलिस की जांच में पता चला है कि बिदिशा ने चार महीने पहले ही नगर बाजार में रहना शुरू किया था।

# आज से 20 लाख से ज्यादा जमा-निकासी पर पैन या आधार जरूरी



**नई दिल्ली।** एक वित्त वर्ष में 20 लाख रुपये से ज्यादा की जमा और निकासी पर यह नियम बुधवार से लागू हो गया है। ऐसे मामले में ग्राहक को पैन कार्ड या आधार देना जरूरी है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने अधिसूचना में कहा कि यह नियम बैंक, डाकघर या सहकारी सोसायटी में खोले गए एक या फिर उससे ज्यादा सभी खातों पर लागू होगा। हर व्यक्ति को इसका पालन करना होगा। यह स्पष्ट नहीं है कि चालू वित्त वर्ष में 26 मई से पहले हुए लेनदेन पर नया नियम लागू होगा या नहीं। अब तक बैंक अधिकारियों को सुनिश्चित करना होता है कि जो व्यक्ति पैसा जमा कर रहा है या निकाल रहा है, उसके पास पैन कार्ड है या नहीं।

### अभी तक कोई सीमा नहीं थी

वैसे अभी तक साल में नकदी जमा करने या निकालने के लिए सीमा तय नहीं थी। जिस पर पैन या आधार की जरूरत हो। इससे बड़े पैमाने पर नकदी को इधर से उधर किया जाता था। हालांकि एक दिन में 50 हजार रुपये की निकासी या जमा पर यह नियम जरूर लागू था।

**नकदी के लेन-देन को पता करने की योजना:** इसके पीछे सरकार का मकसद नकदी के लेन-देन का पता करना है। यह नियम केवल बैंकों या डाकघर के लिए ही नहीं होगा, बल्कि सहकारी सोसाइटियों पर भी लागू होगा। इसी के साथ अगर आप नया चालू खाता खोलते हैं तो उसके लिए भी पैन जरूरी कर दिया गया है। जानकारों का मानना है कि इस नए नियम के तहत सरकार अर्थव्यवस्था में नकदी को रोकने की कोशिश करेगी। सालाना विवरण (एआईएस) और टीडीएस के सेक्शन 194 एन के जरिये सरकार पहले से ही इसे ट्रैक कर रही है। पर अब बहुत ही आसानी से नकदी के लेन-देन का पता लगाया जा सकेगा।

### छोटे लेनदेन के जरिये टैक्स चोरी

नोटबंदी के बाद से भी बड़े पैमाने पर छोटे लेनदेन हो रहे हैं। इसका पता लगा पाना सरकार के लिए आसान नहीं था। इससे बड़े पैमाने पर कर चोरी होती थी। पर अब नए नियम से एक-एक रुपये तक के लेनदेन का पता किया जा सकता है। सरकार ने पैन और आधार कार्ड को लिंक कर दिया है। इसलिए पैन की जगह आधार कार्ड भी इस लेनदेन के लिए मान्य होगा।

# अरबों के नुकसान से डोल गया है अब क्रिप्टो कारोबार में निवेशकों का भरोसा

**टोक्यो।** सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसियों में से एक के ध्वस्त हो जाने और दर्जनों ऐसी करेंसियों की कीमत में भारी गिरावट से क्रिप्टो बाजार में लोगों का भरोसा डोल गया है। दूसरी तरफ दुनिया भर की विनियामक (रेगुलेटर) सरकारी एजेंसियों को यह दावा करने का मौका मिला है कि उनकी चेतावनी सही साबित हुई। ये एजेंसियां कई बार चेतावनी दे चुकी थीं कि क्रिप्टोकरेंसी में पैसा लगाना जोखिम भरा है। सबसे ज्यादा झटका स्टेबल कॉइन कही जाने वाली क्रिप्टोकरेंसियों को लगा है। ये वे करेंसियां हैं, जिनके बारे में कहा जाता था कि उनकी कीमत डॉलर से बंधी हुई है। इस तरह उन्हें परंपरागत वित्तीय सिस्टम और क्रिप्टो ट्रेडिंग दायरे (इकॉसिस्टम) के बीच एक संपर्क-सेतु बताया जाता था। इन्हीं करेंसियों में टेरायूएसडी (जिसे यूएसटी भी कहा जाता है) रही है। दावा किया जाता था कि एक यूएसटी की कीमत एक अमेरिकी डॉलर के बराबर रहती है। एक समय इस करेंसी का बाजार मूल्य 19 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया था। लेकिन एक हफ्ते पहले उसकी



डॉलर से समतुल्यता भंग हो गई। उसके बाद से उसकी कीमत इतनी तेजी से गिरी है कि बीते शुक्रवार को उसका मूल्य 16 सेंट के बराबर रह गया था।

इस घटनाक्रम के बाद सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन से लेकर ऐसी छोटी मुद्राओं तक में कारोबारियों का भरोसा तेजी से गिरा है। सबसे लोकप्रिय स्टेबल कॉइन टिथर रही है, जिसका बाजार मूल्य 80 बिलियन डॉलर आंका गया था। लेकिन बीते गुरुवार को डॉलर से इसकी भी मूल्य समतुल्यता टूट गई। जबकि टिथर का दावा था कि उसके पास हार्ड करेंसी में संपत्ति हैं। इसलिए उसका भाव जटिल ट्रेडिंग एल्गोरिद्म पर निर्भर नहीं है। जापान में क्रिप्टो कारोबार से जुड़ी कंपनी रेमिक्सप्वाइंट के सीईओ गेंकी ओडा ने वेबसाइट निक्कईएशिया.कॉम से कहा- 'एल्गोरिद्मिक स्टेबल कॉइन्स की सीमाएं हैं। भविष्य में सिर्फ कोई एक स्टेबल कॉइन बचेगा, जिसके पास पर्याप्त संपत्ति होगी।' जापान के दाइवा इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च में शोधकर्ता जुन योकोयामा ने कहा कि वैश्विक रुझान के मुताबिक जापान सरकार भी इस मामले में उचित कदम उठाएगी। गौरतलब है कि अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने क्रिप्टो कारोबार को विनियमित करने के लिए कानून बनाने की जरूरत बता चुकी हैं। क्रिप्टो कारोबार की निगरानी करने वाली संस्था कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक बीते शुक्रवार को क्रिप्टोकरेंसियों का कुल बाजार मूल्य 1.3 ट्रिलियन डॉलर था। यह एक हफ्ते पहले की तुलना में 280 बिलियन डॉलर कम था।

वैसे यूएसटी का मूल्य पाताल पर पहुंच जाने के बावजूद स्टेबल कॉइन्स का पिछले हफ्ते तक कुल मूल्य 150 बिलियन डॉलर के बराबर कायम था। विशेषज्ञों ने कहा है कि क्रिप्टोकरेंसियों के भाव में अचानक भारी गिरावट ने क्रिप्टो मुद्राओं की कमजोरी को उजागर कर दिया है। जापान में क्रिप्टो कारोबार की कंपनी से जुड़े एक कर्मचारी ने कहा- इस बार असर ज्यादा गंभीर इसलिए हुआ है, क्योंकि क्रिप्टो का सारा इकॉसिस्टम ध्वस्त हो गया। यूएसटी की शुरुआत 2018 में दक्षिण कोरिया में हुई थी। उसका मकसद डॉलर से क्रिप्टो के भाव को जोड़ कर इस क्षेत्र में स्थिरता लाना था। लेकिन अब इसी करेंसी के कारण क्रिप्टो कारोबार को अब तक का सबसे बड़ा धक्का लगा है।

## छोटे ग्राहकों को यूनियन बैंक का झटका, बचत खाते पर 0.15 फीसदी घटाया ब्याज




*मुंबई। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी वेबसाइट पर यह जानकारी दी है। इसने ऐसे समय में यह बदलाव किया है, जब रिजर्व बैंक ने नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में आधा फीसदी की कटौती की थी और इससे बैंकों के पास तरलता की कमी हो गई थी। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने छोटे ग्राहकों को झटका दिया है। इसने 50 लाख रुपये तक के जमा पर ब्याज दर 0.15 फीसदी घटाकर 2.75 फीसदी सालाना कर दिया है। दूसरी ओर, इसने 100 से 500 करोड़ रुपये के जमा पर ब्याज दर में .20 फीसदी का इजाफा कर इसे 3.10 फीसदी कर दिया है। दोनों दरें पहले 2.90 फीसदी हुआ करती थी। यह नई दरें एक जून, 2022 से लागू होंगी। बैंक ने अपनी वेबसाइट पर यह जानकारी दी है।*

# दावा: एलन मस्क ने सतोशी नाकामोतो के रहस्य से उठाया पर्दा

सतोशी नाकामोतो नाम से आज हर कोई परिचित है। दरअसल, अभी तक ऐसा माना जाता है कि दुनिया की सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी बिटक्वाइन की खोज इसी शख्स ने की थी। हालांकि, नाम के अलावा इनके बारे में और कोई जानकारी नहीं है। अब दुनिया के सबसे अमीर शख्स और अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने इस रहस्य से पर्दा उठाया है और निक सजाबो नामक व्यक्ति को बिटक्वाइन का निर्माता बताया है।

**अब तक पहचान को लेकर कई बड़े दावे:** गौरतलब है कि विश्वभर में सतोशी नाकामोतो की पहचान को लेकर कई बड़े-बड़े दावे कर चुके हैं, लेकिन अभी तक किसी की भी पुष्टि नहीं हो सकती है। अब एलन मस्क ने सतोशी नाकामोतो के बारे में जो खुलासा किया है वो चर्चा का विषय बना हुआ है। मस्क ने कहा कि



कंप्यूटर साइंटिस्ट और क्रिप्टोग्राफर निक सजाबो ने संभवत- बिटक्वाइन की खोज की थी।

**सजाबो कर चुके हैं इससे इनकार:** स्पेसएक्स और टेस्ला के मालिक मस्क ने कहा है कि निक सजाबो ने सतोशी नाकामोतो होने से भले ही इनकार किया है, लेकिन किसी अन्य की तुलना में बिटक्वाइन के विकास को लेकर उनकी दावेदारी दूसरे दावा करने वाले लोगों से कहीं ज्यादा मजबूत नजर आती है।

# क्या नहीं आएगा आठवां वेतन आयोग

**नई दिल्ली।** रिपोर्ट की मानें तो इसमें कहा गया है कि इस बात की पूरी संभावना है कि केंद्रीय कर्मियों के लिए सातवां वेतन आयोग ही आखिरी हो। यानी आठवां वेतन आयोग आए ही नहीं। इन संभावनाओं के बीच सरकार कर्मचारियों के वेतन में इजाफे के लिए नया फॉर्मूला ढूंढ़ रही है। आठवें वेतन आयोग को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच सरकार की ओर से एक बड़ा अपडेट सामने आया है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि अब केंद्रीय कर्मचारियों के लिए कोई नया वेतन आयोग लाए जाने की तैयारी नहीं है। यानी उन्हें सातवें वेतन आयोग के आधार पर ही वेतन मिलता रहेगा। गौरतलब है कि केंद्र सरकार के तहत काम करने वाले कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग के आधार पर वेतन दिया जाता है, जिसमें शामिल महंगाई भत्ते में



सालाना बढ़ोतरी की जाती है। हाल ही में सरकार ने महंगाई भत्ते को तीन फीसदी बढ़ाकर 31 से 34 फीसदी कर दिया है। जिसके चलते कर्मचारियों के वेतन में बड़ा उछाल आया है। इसके साथ ही ऐसी संभावना भी जताई जा रही है कि बढ़ती महंगाई से राहत देने के लिए सरकार जुलाई-अगस्त में केंद्रीय कर्मियों के डीए में और इजाफा कर सकती है। रिपोर्ट की मानें तो इसमें कहा गया है कि इस बात की पूरी संभावना है कि केंद्रीय कर्मियों के लिए सातवां वेतन आयोग ही आखिरी हो। यानी आठवां वेतन आयोग आए ही नहीं। इन संभावनाओं के बीच सरकार कर्मचारियों के वेतन में इजाफे के लिए नया फॉर्मूला ढूंढ़ रही है। सूत्रों के अनुसार, नए फॉर्मूले के तहत कर्मचारियों का वेतन उनकी परफॉर्मेंस के आधार पर बढ़ेगा। हालांकि, अभी इस योजना पर मुहर नहीं लगी है बल्कि इस दिशा में विचार किया जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि इस फॉर्मूले के तहत 50 फीसदी डीए होने पर वेतन में अपने आप इजाफा हो जाएगा। केंद्र सरकार अगर इस तरह का कोई नियम लाती है तो इस फैसले का असर 47 लाख कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनभोगियों को फायदा होगा। लेकिन इसका सबसे सकारात्मक असर निम्न स्तर के कर्मचारियों को होगा।

# सोने का भाव टूटा, चांदी हो गई इतनी सस्ती, खरीदने से पहले चेक करें लेटेस्ट रेट

**नई दिल्ली।** एमसीएक्स पर गुरुवार को सोने की कीमत में 0.04 फीसदी की गिरावट आई और इसका भाव टूटकर 50,800 रुपये प्रति दस ग्राम रह गया है। वहीं चांदी का भाव भी 0.16 फीसदी टूट गया। इस कमी के बाद चांदी की कीमत कम होकर 61,437 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई है। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन कीमती धातुओं के दाम में गिरावट देखने को मिली। हालांकि, दोनों की कीमतों में आई ये गिरावट मामूल रही। लेकिन, अगर आप आज आभूषण खरीदने का मन बना रहे हैं, तो घर से निकलने से पहले सोने-चांदी के भाव में कितनी कमी आई है यह जान लेना



आपके लिए फायदेमंद होगा। एमसीएक्स पर गुरुवार को सोने की कीमत में 0.04 फीसदी की गिरावट आई और इसका भाव टूटकर 50,800 रुपये प्रति दस ग्राम रह गया है।

### चांदी की चमक भी पड़ी फीकी

जहां सोने के दाम में मामूली गिरावट दर्ज की गई, तो वहीं चांदी का भाव भी गुरुवार को 0.16 फीसदी टूट गया। इस कमी के बाद चांदी की कीमत कम होकर 61,437 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई है। यहां बता दें कि आभूषण बनाने के लिए ज्यादातर 22 कैरेट का ही इस्तेमाल होता है।


**आवश्यकता**

युवा प्रदेश नेटवर्क

*मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।*

युवा प्रदेश नेटवर्क,
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204


स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)